कार्यालय-छात्र कल्याण अधिष्ठाता
(चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ)

पत्रांकः DSW/
दिनांकः 18.05.2023

प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित स्नातक एवं स्नातक स्तर के सभी सर्टिफिकेट व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु आनॅलाईन पंजीकरण दिनांक 20.05.2023 से प्रारम्भ हो रहे है। उक्त के सम्बन्ध में सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2023–24 में विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश आनॅलाईन पंजीकरण हेतु अलग-अलग प्रवेश पोर्टल दिये गये है।

अतः जिन अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आनॅलाईन पंजीकरण कराना है उन अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह अपना आनॅलाईन पंजीकरण विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.ccsuniversity.ac.in पर जाकर Admission 2023-24 पर क्लिक करके Campus Admission Portal 2023-24 पर जाकर करा सकते है।

जिन अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आनॅलाईन पंजीकरण कराना है उन अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह अपना आनॅलाईन पंजीकरण विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.ccsuniversity.ac.in पर जाकर Admission 2023-24 पर क्लिक करके College Admission Portal 2023-24 पर जाकर करा सकते है।

यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थी एक ही पंजीकरण शुल्क पर दोनो प्रवेश पोर्टल पर जाकर विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों में पंजीकरण करा सकता है। अभ्यर्थी दोनो अलग-अलग प्रवेश पोर्टल पर अधिकतम तीन-तीन पाठ्यकम एवं कॉलेज/विभाग का चयन कर सकता है। अभ्यर्थी द्वारा प्रथम बार किसी एक प्रवेश पोर्टल पर पंजीकरण करते समय दिये गये Login Id एवं Password, दूसरे प्रवेश पोर्टल के लिए भी वही रहेंगे।

प्रवेश समन्वयक/
छात्र कल्याण अधिष्ठाता

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ :–

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. परीक्षा नियंत्रक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

प्रवेश समन्वयक/
छात्र कल्याण अधिष्ठाता